पाक्षिक



खबर आस पास

RJHIN/26/A2554

संपादक :सत्येन्द्र राजवंशी

Email : khabaraaspass@gmail.com

पृष्ठ : 4 मूल्य : 5.00 रुपये

मो. 9587570001

बीकानेर : मंगलवार 1 सितम्बर 2026

वर्ष : 1 अंक : 7


मानसून ब्रेक के बीच श्रीगंगानगर में पारा चालिस पार

# दो सितंबर से फिर भीगेगा राजस्थान





## बंगाल की खाड़ी में बने नए तंत्र से बदलेगा मौसम का मिजाज, प्रदेश में अब तक औसत से बाइस प्रतिशत कम बरसे बादल

**मृदुल पत्रिका, जयपुर।** राजस्थान में मानसून की बेरुखी और तीखी धूप ने एक बार फिर लोगों को बेहाल करना शुरू कर दिया है। प्रदेश में बादलों की आवाजाही थमने से तापमान में लगातार बढ़ोतरी दर्ज की जा रही है। रविवार को सीमावर्ती जिले श्रीगंगानगर में गर्मी ने अपने तेवर दिखाए, जहां अधिकतम तापमान चालिस डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया। हालांकि, मौसम विशेषज्ञों का अनुमान है कि सितंबर के पहले सप्ताह में प्रदेशवासियों को इस उमस और गर्मी से राहत मिल सकती है।

### तीन दिन शुष्क रहेगा मौसम, फिर शुरू होगा दौर

मौसम केंद्र जयपुर के अनुसार, आगामी तीन दिनों तक राज्य के अधिकांश हिस्सों में मौसम पूरी तरह शुष्क बना रहेगा। इस दौरान तेज धूप खिलने से दिन के तापमान में हल्की बढ़ोतरी होने की संभावना है। पिलानी, चूरू, फलोदी, बीकानेर और जैसलमेर में भी पारा पैंतीस डिग्री के पार बना हुआ है। वहीं बाड़मेर, जयपुर, अजमेर, उदयपुर और कोटा में हल्की हवाएं चलने से पारे में मामूली गिरावट जरूर आई, लेकिन धूप का प्रभाव बना रहा।

### बंगाल की खाड़ी में बना नया सिस्टम

प्रदेश में मानसून की वापसी को लेकर राहत की खबर भी सामने आई है। मौसम वैज्ञानिकों के मुताबिक, पश्चिम बंगाल और ओडिशा तट के पास बंगाल की खाड़ी में एक नया कम दबाव का क्षेत्र (लो-प्रेशर सिस्टम) बन गया है। अगले चौबीस घंटों में इसके और मजबूत होकर आगे बढ़ने की संभावना है। इस तंत्र के प्रभाव से दो सितंबर से राजस्थान के विभिन्न हिस्सों में एक बार फिर मानसून सक्रिय होगा और बारिश का नया दौर शुरू होगा।

## ब्लैकमेलिंग से तंग आकर युवक ने ट्रेन के आगे कूदकर दी जान

### पड़ोसी विवाहिता व उसके पिता पर मामला दर्ज

**जयपुर।** राजधानी जयपुर के शिप्रापथ थाना क्षेत्र में पड़ोसी विवाहिता की ब्लैकमेलिंग से तंग आकर एक चौंतीस वर्षीय युवक ने ट्रेन के आगे छलांग लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक पड़ोसी महिला को देने के लिए घर से आठ लाख रुपये की नकदी और सोने-चांदी के गहने लेकर निकला था। पुलिस ने मृतक की पत्नी की शिकायत पर आरोपी महिला व उसके पिता के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। शिप्रापथ थाना पुलिस के अनुसार, जवाहर नगर निवासी राजेंद्र चौधरी सांगानेरी गेट के पास एक साड़ी की दुकान पर काम करता था।

मृतक की पत्नी लक्ष्मी चौधरी ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि उनके पड़ोस में रहने वाली मुन्ना नाम की महिला के साथ राजेंद्र के संबंध थे। आरोपी महिला ने मोबाइल में अश्लील वीडियो बनाकर राजेंद्र को ब्लैकमेल करना शुरू कर दिया था। महिला पिछले दो वर्षों से डरा-धमकाकर उससे लगातार मोटी रकम और गहने ऐंठ रही थी।

# जयपुर निकाय चुनावः भाजपा ने जारी की एक सौ पैंतालीस वार्डों की सूची, कांग्रेस ने सत्रह प्रत्याशियों पर लगाई मुहर






## पूर्व मेयर ज्योति खंडेलवाल को वार्ड एक सौ दस से मिला टिकट, तेईस वर्षीय शालू मीणा भी चुनावी मैदान में

**मृदुल पत्रिका, जयपुर।** राजस्थान नगर निकाय चुनाव को लेकर जयपुर में सरगर्मियां तेज हो गई हैं। भारतीय जनता पार्टी ने जयपुर नगर निगम के एक सौ पैंतालीस वार्डों के लिए अपने अधिकृत प्रत्याशियों की सूची जारी कर दी है, जबकि पांच वार्डों पर निर्णय फिलहाल विचाराधीन रखा गया है। वहीं कांग्रेस पार्टी ने भी आदर्श नगर विधानसभा क्षेत्र के सत्रह वार्डों के लिए उम्मीदवारों के नामों की घोषणा कर दी है। पूर्व मेयर और ओएसडी की पत्नी पर दांव, युवा चेहरे को भी मौकाभाजपा की सूची में कई प्रमुख नाम शामिल हैं। मुख्यमंत्री के विशेष अधिकारी (ओएसडी) आनंद शर्मा की पत्नी प्रतिभा शर्मा को वार्ड संख्या सत्तासी से प्रत्याशी बनाया गया है। वहीं, पूर्व महापौर ज्योति खंडेलवाल को पार्टी ने वार्ड संख्या एक सौ दस से चुनावी मैदान में उतारा है। पार्टी ने सामाजिक समीकरणों के साथ-साथ युवाओं पर भी भरोसा जताया है। वार्ड संख्या एक सौ पचास से तेईस वर्षीय शालू मीणा को टिकट दिया गया है। शालू ने कहा कि उनके स्वर्गीय पिता के पार्टी के प्रति योगदान और निष्ठा की बदौलत ही उन्हें यह अवसर मिला है और वार्ड का सर्वांगीण विकास उनकी पहली प्राथमिकता रहेगी।

### निवर्तमान मेयर का टिकट कटा, सुनील कोठारी उम्मीदवार

पार्टी ने जयपुर की निवर्तमान महापौर कुसुम यादव के स्थान पर भाजपा के पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष सुनील कोठारी को वार्ड संख्या एक सौ बारह से अपना प्रत्याशी बनाया है। राजनीतिक हलकों में भाजपा के इस कदम को एक बड़े और अहम फैसले के रूप में देखा जा रहा है।

### वार्ड छिहत्तर में सिंबल को लेकर उपजा भ्रम

सूची जारी होने के साथ ही वार्ड संख्या छिहत्तर में प्रत्याशी को लेकर असमंजस की स्थिति बन गई। पार्टी ने आधिकारिक तौर पर पूर्व उपमहापौर पुनीत कर्णावट को प्रत्याशी घोषित किया था, लेकिन मालवीय नगर विधायक कालीचरण सराफ ने कुलदीप मिश्रा को पार्टी का अधिकृत सिंबल सौंप दिया।सिंबल मिलने के बाद कुलदीप मिश्रा ने अधिकृत प्रत्याशी के रूप में अपना नामांकन पत्र भी दाखिल कर दिया। इस पर विधायक सराफ ने स्पष्ट किया कि पार्टी स्तर पर पहले कुलदीप का नाम तय हुआ था, लेकिन बाद में इसे बदल दिया गया। प्रत्याशी बदले जाने का संदेश मिलने से पूर्व ही सिंबल जारी किया जा चुका था।

## टिकट कटने पर छलका महिला दावेदार का दर्द, कांग्रेस में भी सुलगी बगावत की चिंगारी

राजस्थान नगर निकाय चुनाव के तहत जयपुर नगर निगम के वार्डों के लिए टिकटों का ऐलान होते ही राजनीतिक दलों में अंदरूनी कलह और बगावत के सुर तेज हो गए हैं। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) द्वारा अधिकृत प्रत्याशियों की घोषणा के बाद जहां कई समर्थकों में निराशा छा गई, वहीं टिकट कटने से नाराज महिला दावेदार के आंसू छलक पड़े। उधर, कांग्रेस में भी प्रत्याशियों की औपचारिक सूची से पहले ही कार्यकर्ताओं में भारी रोष देखा जा रहा है। भाजपा द्वारा जयपुर के वार्ड 149 से प्रत्याशी तय किए जाने के बाद दावेदार अंजलि गौतम जब नामांकन दाखिल करने पहुंचीं, तो उन्हें टिकट कटने की जानकारी मिली। इसके बाद वे मीडिया के सामने ही फूट-फूटकर रोने लगीं। अंजलि गौतम ने आरोप लगाते हुए कहा कि संगठन में जमीन पर मेहनत करने वाले कार्यकर्ताओं को नजरअंदाज किया जा रहा है।

मोदी-पजशकियान मुलाकात

# जंग के बाद पहली बार मिले मोदी-पजशकियान



**बिश्केक ( एजेंसी )।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को किर्गिस्तान की राजधानी बिश्केक में ईरान के राष्ट्रपति मसूद पजशकियान से मुलाकात की। पश्चिम एशिया में जंग शुरू होने के बाद दोनों नेताओं की यह पहली मुलाकात है। दोनों के बीच द्विपक्षीय बैठक भी हुई। पजशकियान और मोदी दोनों शंघाई सहयोग संगठन के शिखर सम्मेलन में शामिल होने बिश्केक पहुंचे हैं। शंघाई सहयोग संगठन के 25 वर्ष पूरे होने के अवसर पर बिश्केक में शिखर सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है। इसकी थीम 'सतत शांति, विकास और समृद्धि के लिए मिलकर आगे बढ़ना' है। भारत, चीन, रूस, पाकिस्तान, ईरान सहित संगठन के 10 सदस्य देशों के नेता इसमें हिस्सा ले रहे हैं। भारत और पाकिस्तान 2017 में संगठन के पूर्ण सदस्य बने थे। इसके बाद 2023 में ईरान और 2024 में बेलारूस को सदस्यता मिली। शिखर सम्मेलन के दौरान प्रधानमंत्री मोदी की चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ भी बैठक प्रस्तावित है। इससे भारत के लिए क्षेत्रीय सुरक्षा, ऊर्जा और व्यापार से जुड़े मुद्दों पर बातचीत का रास्ता खुलेगा।

खनिज और ऊर्जा पर नजर। मध्य एशिया तेल, गैस, यूरेनियम और अन्य महत्वपूर्ण खनिजों का बड़ा भंडार है। भारत इस क्षेत्र के देशों के साथ संबंध मजबूत कर ऊर्जा जरूरतों और खनिज आपूर्ति को सुरक्षित करना चाहता है। व्यापार और परिवहन मार्ग भी अहम। भारत मध्य एशियाई देशों के साथ कारोबार बढ़ाने के लिए नए व्यापार एवं परिवहन मार्ग विकसित करने पर जोर दे रहा है। अफगानिस्तान की स्थिति और आतंकवाद के खिलाफ सहयोग भी प्रमुख मुद्दों में शामिल हैं। विश्व घुमंतू खेलों में भी शामिल होंगे मोदी। प्रधानमंत्री बिश्केक में आयोजित छठे विश्व घुमंतू खेलों के उद्घाटन समारोह में भी हिस्सा लेंगे। इससे पहले उन्होंने महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि दी और भारतीय समुदाय के लोगों से मुलाकात की। वहीं आर्मेनिया के प्रधानमंत्री निकोल पाशिन्यान ने मोदी को आर्मेनिया आने का न्योता दिया।

# जैन संस्कार विधि के बढ़ते चरण – तप संपूर्ति कार्यक्रम



श्रीडूंगरगढ़, (खबर आस पास)। अखिल भारतीय तेरापंथ युवक परिषद् के निर्देशित जैन संस्कार विधि के अंतर्गत आयोजित कार्यक्रमों की श्रृंखला में आज प्रातः 11 बजे श्री बिनोद जी छाजेड़, सुपुत्र स्व. श्री कुंदनमल जी छाजेड़, की मासखमण (29) तपस्या की तप संपूर्ति एवं पारणा तेरापंथ युवक परिषद् श्रीडूंगरगढ़ द्वारा जैन संस्कार विधि से विधिवत संपन्न करवाई गई।

साध्वी श्री लक्ष्यप्रभाजी एवं परिवारजनों की प्रेरणा से श्री बिनोद जी छाजेड़ ने तप के क्षेत्र में आगे बढ़ते हुए मासखमण जैसी कठिन तपस्या पूर्ण की। उनकी इस तपस्या के प्रति उपस्थित सभी ने श्रद्धा एवं अनुमोदना व्यक्त की।

कार्यक्रम का शुभारंभ नमस्कार महामंत्र के मंगल उच्चारण से हुआ। संस्कारक श्री प्रदीप पुगलिया, श्री प्रमोद बोथरा, श्री चमन श्रीमाल एवं श्री पीयूष बोथरा ने मंगल मंत्रोच्चार एवं जैन संस्कार विधि के अनुरूप विधि-विधानपूर्वक तप संपूर्ति एवं पारणा संस्कार संपन्न करवाया।

इस अवसर पर तेरापंथ युवक परिषद् श्रीडूंगरगढ़ के अध्यक्ष श्री विक्रम मालू ने उपस्थित सभी का स्वागत करते हुए तपस्वी श्री बिनोद जी छाजेड़ के प्रति हार्दिक अनुमोदना व्यक्त की। उन्होंने परिवारजनों द्वारा तपस्वी को आध्यात्मिक क्षेत्र में आगे बढ़ने हेतु निरंतर प्रेरणा देने के लिए साधुवाद दिया।

श्री विक्रम जी मालू ने उपस्थित परिवारजनों को जैन संस्कार विधि की महत्ता से अवगत करवाते हुए जीवन के विभिन्न शुभ अवसरों को जैन संस्कार विधि से संपन्न करवाने तथा अधिक से अधिक लोगों को इस संस्कारमय परंपरा से जोड़ने का आह्वान किया।

तपस्वी श्री बिनोद जी छाजेड़ ने अपनी तपस्या की संपूर्ति के अवसर पर आजीवन पान मसाला सेवन का त्याग करने का संकल्प लिया। साथ ही दीपक जी छाजेड़ ने 1साल तक कोल्ड्रिंक और उपस्थित परिवारजनों ने भी अपनी-अपनी धारणा के अनुसार विभिन्न त्याग स्वीकार किए, जिससे कार्यक्रम का आध्यात्मिक एवं संस्कारमय वातावरण और अधिक प्रेरणादायी बन गया।

सुमित बरडिया ने गीतिका द्वारा अनुमोदना की एवं 1साल तक पैटीज खाने का त्याग लिया

अंत में साध्वी श्री लक्ष्यप्रभाजी द्वारा मंगल पाठ का श्रवण करवाया गया। पूरे कार्यक्रम के दौरान श्रद्धा, तप, त्याग एवं आध्यात्मिक ऊर्जा का वातावरण बना रहा। तेरापंथ युवक परिषद् श्रीडूंगरगढ़ द्वारा जैन संस्कार विधि के माध्यम से समाज में तप, त्याग, संस्कार एवं आध्यात्मिक चेतना को बढ़ावा देने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं।

**— तेरापंथ युवक परिषद्, श्रीडूंगरगढ़**

# दिल्ली में 1 से 7 नवंबर तक आयोजित होगा गोवंश दीपावली मेला लगा पाएंगे उत्पादों की स्टाल -2026

**(खबर आस पास)**

**नई दिल्ली श्रेयांस बैद।** राष्ट्रीय गोधन महासंघ द्वारा 'गोवंश दीपावली मेला-2026' का आयोजन 1 नवंबर से 7 नवंबर 2026 तक दिल्ली हाट, जनकपुरी, लाल साईं मार्ग, नई दिल्ली में किया जाएगा।

मोनिका अरोड़ा, प्रभारी–गोवंश दीपावली मेला-2026 ने बताया कि मेले का उद्देश्य भारतीय गोवंश आधारित अर्थव्यवस्था, जैविक कृषि, पर्यावरण संरक्षण तथा रोजगार के अवसरों को बढ़ावा देना है।

मेले की मुख्य थीम 'आत्मनिर्भर भारत–BioEx Policy' रखी गई है, जिसमें पर्यावरण (Environment), अर्थव्यवस्था (Economy) और रोजगार (Employment) पर विशेष जोर दिया जाएगा।

मोनिका अरोड़ा, प्रभारी–गोवंश दीपावली मेला-2026 के अनुसार, कार्यक्रम के माध्यम से भारतीय गोवंश आधारित अर्थ एवं कृषि व्यवस्था को मजबूत करने तथा गोशालाओं को आत्मनिर्भर बनाने का संदेश दिया जाएगा।

मेले में गोवंश के गोबर के उपयोग, जैविक कृषि, गोवंश आधारित उद्योगों और पर्यावरण संरक्षण से जुड़े नवीन उपायों को प्रदर्शित किया जाएगा।

मोनिका अरोड़ा, प्रभारी–गोवंश दीपावली मेला-2026 ने बताया कि गोबर के सदुपयोग से रोजगार के नए अवसर सृजित किए जा सकते हैं तथा पर्यावरण संरक्षण में भी महत्वपूर्ण योगदान दिया जा सकता है।

राष्ट्रीय गोधन महासंघ द्वारा जारी जानकारी के अनुसार, वर्ष 2006 में देश में लगभग 9,500 गोशालाएं थीं, जो वर्ष 2024 तक बढ़कर लगभग 22,000 हो गई। इसी अवधि में गोवंश की संख्या के संदर्भ में भी उल्लेखनीय विस्तार का दावा किया गया है।

मोनिका अरोड़ा, प्रभारी–गोवंश दीपावली मेला-2026 ने आमजन, गौसेवा से जुड़े संगठनों, किसानों, गोशालाओं तथा पर्यावरण एवं जैविक कृषि क्षेत्र से जुड़े लोगों से मेले में सहभागिता करने के लिए ग्रामीण परिवेश उत्पाद एवं गौ उत्पादों के स्टाल लगाने का आह्वान किया है। उन्होंने कहा कि यह मेला गोवंश संरक्षण, पर्यावरण संवर्धन और आत्मनिर्भर भारत की दिशा में जनभागीदारी का महत्वपूर्ण मंच बनेगा।

# पंचायत चुनाव से पहले पुलिस की सख्ती, अवैध हथियार के साथ एक गिरफ्तार

**महाजन (खबर आस पास)।** पंचायत चुनाव को लेकर पुलिस ने क्षेत्र में सतर्कता बढ़ा दी है। बीकानेर पुलिस महानिरीक्षक के निर्देश पर चलाए जा रहे एरिया डोमिनेशन अभियान के तहत महाजन पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक व्यक्ति को अवैध हथियार के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से एक लमछड़ बंदूक बरामद कर जब्त की है। आरोपी से हथियार के संबंध में पूछताछ की जा रही है। महाजन पुलिस के अनुसार पंचायत चुनाव को लेकर रेंज में एरिया डोमिनेशन अभियान चलाया जा रहा है। इसी के तहत पुलिस टीम ने समीपवर्ती सुई गांव में एक मकान पर दबिश दी। तलाशी के दौरान पुलिस को एक व्यक्ति के पास अवैध लमछड़ बंदूक मिली। हथियार के संबंध में पूछताछ करने पर व्यक्ति कोई संतोषप्रद जवाब नहीं दे सका।पुलिस ने लीछीराम पुत्र नारूराम बावरी को गिरफ्तार कर अवैध हथियार जब्त कर लिया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस आरोपी से हथियार कहां से आया और इसका उपयोग किस उद्देश्य से किया जाना था इस संबंध में पूछताछ कर रही है।

# ट्राई एवं जीवनधारा के संयुक्त तत्वावधान में उपभोक्ता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

## दूरसंचार एवं प्रसारण सेवाओं में शुल्क, बिलिंग और डिजिटल सुरक्षा की दी जानकारी

**झुंझुनूं, (खबर आस पास)।** जीवनधारा संस्थान एवं भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण (TRAI), क्षेत्रीय कार्यालय जयपुर के संयुक्त तत्वावधान में प्रिंस इंटरनेशनल स्कूल झुंझुनूं में 'दूरसंचार एवं प्रसारण सेवाओं में शुल्क एवं बिलिंग' विषय पर उपभोक्ता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों एवं आमजन को दूरसंचार एवं प्रसारण सेवाओं से संबंधित उपभोक्ता अधिकारों, शुल्क में पारदर्शिता, बिलिंग प्रक्रिया, डिजिटल सुरक्षा तथा शिकायत निवारण के प्रति जागरूक करना रहा।

कार्यक्रम में भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नरेंद्र पूनिया मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने विद्यार्थियों को अपने अधिकारों के प्रति सजग रहने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि अपने अधिकारों के प्रति जागरूक उपभोक्ता ही किसी भी प्रकार की अनियमितता या धोखाधड़ी से स्वयं को सुरक्षित रख सकता है।

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता एवं कंज्यूमर कंफेडरेशन ऑफ इंडिया के प्रदेश सचिव श्रेयांस बैद ने विद्यार्थियों को उपभोक्ता अधिकारों एवं संबंधित कानूनी प्रावधानों की जानकारी देते हुए कहा कि किसी भी दूरसंचार या प्रसारण सेवा का उपयोग करने से पूर्व उसके शुल्क, नियम एवं शर्तों को अच्छी तरह समझना आवश्यक है। उन्होंने डिजिटल सेवाओं के बढ़ते उपयोग के बीच साइबर सुरक्षा एवं व्यक्तिगत जानकारी की सुरक्षा के प्रति भी सजग रहने का आह्वान किया। उन्होंने विद्यार्थियों को दूरसंचार सेवाओं में टैरिफ एवं बिलिंग की प्रक्रिया, शुल्क में पारदर्शिता, उपभोक्ता अधिकार, डिजिटल सुरक्षा तथा शिकायतों के समाधान की प्रक्रिया के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

इस अवसर पर बीएसएनएल के वरिष्ठ अधिकारी अभिषेक ने दूरसंचार सेवाओं के विभिन्न आयामों एवं तकनीकी पहलुओं की जानकारी विद्यार्थियों के साथ साझा की तथा सेवाओं का सुरक्षित एवं विवेकपूर्ण उपयोग करने के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी दी। कार्यक्रम में जीवनधारा संस्थान की अध्यक्ष जानवी जोशी, संस्थापक महावीर उपाध्याय, कार्यक्रम समन्वयक काम्या जोशी एवं मीडिया प्रमुख तनु उपाध्याय सहित अन्य गणमान्यजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम के समापन पर स्कूल निदेशक निर्मल कालेर ने अतिथियों, वक्ताओं एवं आयोजकों का आभार व्यक्त किया।

# बीकानेर से हुई श्री गुर्जर गौड़ ब्राह्मण समाज की प्रीमियर लीग 2026 की घोषणा, मनीष जाजड़ा के प्रदेश अध्यक्ष बनने पर अभिनंदन



**बीकानेर (खबर आस पास)।** श्री गुर्जर गौड़ ब्राह्मण समाज की प्रीमियर लीग 2026 की घोषणा होटल उत्सव में रविवार को की गयी। राजस्थान श्री गुर्जर गौड़ ब्राह्मण समाज क्रिकेट संघ के प्रदेश अध्यक्ष मनीष जाजड़ा के तत्वाधान में सभी युवा क्रिकेट प्रेमियों के बीच जीजीपीएल 2026 की विधिवत रूप से घोषणा की गई। जिसमें सर्वप्रथम श्री महर्षि गौतम के आगे प्रज्वलित किया गया। साथ ही क्रिकेट टूर्नामेंट का पोस्टर विमोचन किया गया।

प्रदेश अध्यक्ष मनीष जाजड़ा व टूर्नामेंट संयोजक वासुदेव उपाध्याय ने बताया कि बीकानेर के रेलवे ग्राउंड पर क्रिकेट टूर्नामेंट का भव्य शुभारंभ 27 सितम्बर को सुबह 11 बजे होगा। बीकानेर जिले के युवा शक्ति के साथ टेनिस बॉल से टूर्नामेंट का आयोजन होगा। जिसमें रजिस्ट्रेशन फॉर्म ऑनलाइन 01/9/26 से किए जा सकेंगे और रजिस्ट्रेशन की अंतिम तिथि 10/ 9/ 2026 तक रखी गयी है जिसके बाद टीम लॉटरी 20-9-2027 रखी गई है। उसी से पता चल सकेगा कौन सी टीम किसके साथ खेलेगी।

इसी मंच पर आज समाज के युवा क्रिकेट खिलाड़ियों व समाज के गणमान्य प्रबुद्ध जनों और पत्रकारों के बीच मनीष जाजड़ा का राजस्थान श्री गुर्जर गौड़ ब्राह्मण समाज क्रिकेट संघ के प्रदेश अध्यक्ष बनने पर माला व साफा पहनाकर स्वागत और अभिनंदन किया गया।

इस अवसर पर बिरजू प्यारे, अमित जोशी, रविंद्र जाजड़ा, रामेंद्र शर्मा, जयराम उपाध्याय, प्रहलाद जोशी, संदीप उपाध्याय, रामदेव उपाध्याय, वासुदेव उपाध्याय, राजू चानी और सभी आए हुए सभी खेल प्रेमियों का महादेव उपाध्याय ने हृदय से स्वागत व आभार व्यक्त किया।

# श्रीडूंगरगढ़ तेरापंथ युवक परिषद् की टीम ने युवा वाहिनी में अंतर्गत जैन विश्व भारती , लाडनूं परिसर में संभाली गुरुदेव की सेवा एवं व्यवस्था

**श्रीडूंगरगढ़ (खबर आस पास)।** तेरापंथ युवक परिषद् श्रीडूंगरगढ़ के तत्वावधान एवं अध्यक्ष श्री विक्रम जी मालू के मार्गदर्शन में युवा वाहिनी के सदस्यों ने जैन विश्व भारती लाडनूं परिसर में आध्यात्मिक प्रवास के दौरान सेवा, व्यवस्था एवं धार्मिक गतिविधियों में सक्रिय सहभागिता निभाई।



अभातेयुप के अंतर्गत संचालित 'युवावाहिनी' में सेवा देने हेतु तेयुप श्रीडूंगरगढ़ की टीम छुक्कड़ परिसर पहुंची। युवा वाहिनी के सदस्य श्री कुमुद जी गिया, श्री रोहित सुराणा, श्री हर्षित गोलछा एवं श्री ऋषभ झाबक ने प्रातः 10:15 बजे पहुंचकर आवास एवं आवश्यक व्यवस्थाएं संभालीं तथा गोचरी एवं साधु-साध्वीवृंद की सेवा का लाभ प्राप्त किया।

युवा वाहिनी को गुरुदेव के चरण-स्पर्श एवं दर्शन व्यवस्था, वृहद मंगलपाठ के दौरान अनुशासन, प्रातः भ्रमण में साथ रहने तथा अन्य सेवा कार्यों की जिम्मेदारी मिली। गुरुदेव के सानिध्य में सामायिक, अरहंत वंदना एवं चरण-स्पर्श व्यवस्था में सेवा का अवसर भी प्राप्त हुआ। दोपहर में युवालोक कार्यालय में आगामी गतिविधियों एवं व्यवस्थाओं की जानकारी प्राप्त हुई। साथ ही गणाधिपति गुरुदेव आचार्य श्री तुलसी की जन्मस्थली, साध्वी श्री पन्ना जी की समाधि, दिगंबर जैन मंदिर सहित प्रमुख धार्मिक स्थलों के दर्शन किए।

इस अवसर पर युवावाहिनी एवं सत्कार के राष्ट्रीय प्रभारी श्री सुमित जी छाजेड़ तथा युवालोक के राष्ट्रीय प्रभारी श्री ऋषभ जी छाजेड़ की विशेष उपस्थिति एवं मार्गदर्शन प्राप्त हुआ।

इसके साथ ही गौरव मुनि, दिनेश मुनि, योगेश मुनि एवं नय मुनि से संगठन, तत्त्वज्ञान तथा किशोरों एवं युवाओं को संगठन से जोड़ने के संबंध में मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। नय मुनि ने युवाओं के लिए नियमित एवं आकर्षक कार्यक्रम, सामूहिक भ्रमण तथा आपसी स्नेह-सामंजस्य बढ़ाने की प्रेरणा दी।

गुरुदेव की सेवा एवं बार-बार उनके मुखारविंद से मंगलपाठ श्रवण करने का अवसर युवा वाहिनी के सदस्यों के लिए अत्यंत प्रेरणादायी एवं अविस्मरणीय रहा। साथ ही युवाचार्य प्रवर महावीर मुनि एवं साध्वीप्रमुखा श्री विश्रुतविभा जी का सानिध्य भी प्राप्त हुआ।

इस सेवा-प्रवास से युवा वाहिनी में सेवा, अनुशासन, संगठन एवं नेतृत्व क्षमता को नई ऊर्जा मिली तथा प्राप्त प्रेरणाओं को आगामी गतिविधियों के माध्यम से किशोरों एवं युवाओं तक पहुंचाने का संकल्प लिया गया।

**मार्गदर्शन:**

श्री विक्रम जी मालू – अध्यक्ष, तेयुप श्रीडूंगरगढ़

श्री पीयूष जी बोथरा – मंत्री, तेयुप श्रीडूंगरगढ़

युवा वाहिनी में में भाग लेने वाले सदस्यः

श्री हर्षित गोलछा, श्री ऋषभ झाबक, श्री रोहित सुराणा, श्री कुमुद जी गिया

**तेरापंथ युवक परिषद् श्रीडूंगरगढ़**

## लूणकरणसर: उपशाखा के महावीर धतरवाल अध्यक्ष व किशनलाल गौड़ बने मंत्री

(खबर आस पास)

**लूणकरणसर श्रेयांस बैद।** अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ (विद्यालय शिक्षा) उपशाखा लूणकरणसर की साधारण सभा बैठक हनुमान मंदिर लूणकरणसर में आयोजित की गई बैठक महासंघ के पर्यवेक्षक विनोद कुमार पुनिया व अमित कुमार गुरिया के निर्देशन में संपन्न हुई बैठक में संगठन की नई रीति नई नीति एवं नए संविधान के प्रावधानों के तहत आगामी तीन वर्ष के कार्यकाल हेतु उपखंड कार्यकारिणी का सर्वसम्मति से गठन किया गया गठित कार्यकारिणी में महावीर धतरवाल को अध्यक्ष, महेंद्र नाथ सिद्ध को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, राकेश बिश्नोई को उपाध्यक्ष (पुरुष), विजया चौधरी को उपाध्यक्ष (महिला), किशनलाल गौड़ को मंत्री, संतोष गुरिया को महिला मंत्री तथा सुगनाराम गुरिया को कोषाध्यक्ष मनोनीत किया गया इसके साथ ही संवर्गवार सदस्यों में हरिश सारस्वत (अध्यापक सदस्य), मुकेश कुमार लखारा (वरिष्ठ अध्यापक सदस्य), बृजलाल गोदारा (प्राध्यापक सदस्य) राकेश कुमार शर्मा (प्रधानाचार्य/उप प्रधानाचार्य सदस्य) लालचंद जाखड़ (शारीरिक शिक्षक सदस्य), प्रमोद चौधरी (महिला शिक्षा शिक्षक सदस्य) सुरेश बिश्नोई (संस्कृत शिक्षक सदस्य), कालूराम सुंडा (सदस्य) जगदीप चाहर( सदस्य) दौलत राम गोदारा (सेवानिवृत शिक्षक सदस्य) ओमप्रकाश खीचड़ (प्रबोधक सदस्य) हनुमान प्रसाद शर्मा (कंम्प्यूटर शिक्षक सदस्य),तथा ओमप्रकाश कुलड़िया (पंचायत शिक्षक सदस्य) को सर्वसम्मति से चुना गया।

## जयपुर: राजस्थान में फिर हुआ बोरवेल हादसा, 400 फीट गहरे बोरवेल में गिरा बच्चा

**जयपुर (खबर आस पास):** राजस्थान के अलवर में सोमवार को बड़ा हादसा हो गया है. पतंग लूटने के लिए भाग रहा एक 9 साल का बच्चा बोरवेल में जा गिरा है. बताया जा रहा है कि बच्चा 400 फीट गहरे बोरवेल में करीब 40 फीट की गहराई में अटका हुआ है. बच्चे के बोरवेल में गिरने की सूचना पर पुलिस-प्रशासन मौके पर पहुंच गया है. बच्चे को सुरक्षित बचाने के लिए रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू कर दिया गया है. उधर एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की टीम को भी बुलाया गया है.

### पत्थर से ढका था बोरवेल:

जानकारी के मुताबिक, यह बोरवेल हादसा लक्ष्मणगढ़ इलाके के बुटोली गांव में हुआ है. बताया गया कि आज गांव का 9 वर्षीय लड़का भानु पतंग लूटने के लिए दौड़ रहा था. वही पास में एक बोरवेल खुला पड़ा हुआ था, जिसके ऊपर एक छोटा सा पत्थर रखा गया था. इसी दौरान भागते वक्त भानु का पैर बोरवेल के ऊपर रखे पत्थर पर पड़ गया.

### करीब 40 फीट की गहराई में फंसा बच्चा:

जैसे ही बच्चे के पैर पत्थर पर पड़ा तो तुरंत पत्थर बोरवेल के ऊपर से खिसक गया और भानु सीधे बोरवेल में गिर गया. इसके बाद वह बोरवेल में करीब 40 फीट की गहराई में जाकर अटक गया. बच्चे के बोरवेल में गिरते ही आसपास हड़कंप मच गया. सूचना पर पुलिस प्रशासन मौके पर पहुंचा. एसडीएम मनीषा रेशम, तहसीलदार मनीष कुमार शर्मा, डीएसपी नरेंद्र कुमार और एसएचओ राजेश कुमार घटनास्थल पर मौजूद हैं.

### जेसीबी मशीनों खुदाई शुरू:

बच्चे को सुरक्षित निकालने के लिए तुरंत रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू कर दिया गया है. टीमें बालक को सुरक्षित बाहर निकालने के प्रयास में जुटी हुई हैं. जिला प्रशासन की ओर से रेस्क्यू टीम को मौके पर रवाना किया गया है. बालक को बाहर निकालने के लिए मौके पर तीन जेसीबी मशीनों से खुदाई का काम शुरू कर दिया गया है. वहीं एसडीआरएफ और एनडीआरएफ की टीमें भी मौके के लिए रवाना की गई हैं. घटना की जानकारी मिलने पर बुटोली गांव में बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर जमा हो गए. वहीं, बच्चे के घरवालों का रो-रोकर बुरा हाल है.

## नगरीय निकाय आम चुनाव : निर्वाचन के दिन संबंधित नगरीय क्षेत्रों में रहेगा सार्वजनिक अवकाश

**बीकानेर (खबर आस पास)।** नगरीय निकाय आम चुनाव-2026 के संदर्भ में विभिन्न नगरीय क्षेत्रों में मतदान के दिवस सार्वजनिक अवकाश रहेगा। जिला निर्वाचन अधिकारी निशान्त जैन द्वारा जारी आदेश के अनुसार 9 सितम्बर को बीकानेर नगर निगम निर्वाचन क्षेत्र में तथा 11 सितम्बर को नगर पालिका नोखा, श्रीडूंगरगढ़, देशनोक, खाजूवाला, लूणकरणसर और नापासर में मतदान के दिवस मतदान होने की स्थिति में सार्वजनिक अवकाश रहेगा।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि उक्त आदेश सामान्य प्रशासन (ग्रुप-2) विभाग द्वारा प्रदत्त शक्तियों के तहत जारी किए गए हैं। उक्त आदेश जिले की संबंधित नगर पालिका निर्वाचन क्षेत्र के अलावा अन्य किसी तहसील अथवा ग्रामों पर लागू नहीं होगा।

## बुधवार को बैठेगी डाक अदालत

**बीकानेर (खबर आस पास)।** डाकघर अधीक्षक कार्यालय में 2 सितंबर को सुबह 11 से 12 बजे तक डाक अदालत का आयोजन किया जाएगा। डाकघर अधीक्षक ने बताया कि डाक अदालत में काउंटर सेवाएं, मनीऑर्डर, बचत बैंक, डाक जीवन बीमा, स्पीड-पोस्ट, पार्सल, बीमाकृत वस्तुएं, विदेशी डाक वस्तुएं जैसी अन्य डाकघर से संबंधित समस्याओं का निस्तारण किया जाएगा। उन्होंने बताया कि डाक अदालत के लिए आवेदन पत्र एवं लिफाफे पर 'डाक अदालत' लिखकर कार्यालय में भेजा जाए। साथ ही उपभोक्ता वीडियो कांफ्रेंस लिंक (http://meet.google.com/nko-hcpp-biy) के माध्यम से भी जुड़ सकते हैं। शिकायतकर्ता डाक अदालत में व्यक्तिगत रूप से भी उपस्थित हो सकते हैं।

## ट्राई एवं जीवनधारा के संयुक्त तत्वावधान में उपभोक्ता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

### दूरसंचार एवं प्रसारण सेवाओं में शुल्क, बिलिंग और डिजिटल सुरक्षा की दी जानकारी

**झुंझुनूं, (खबर आस पास)।** जीवनधारा संस्थान एवं भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण (ट्राई), क्षेत्रीय कार्यालय जयपुर के संयुक्त तत्वावधान में प्रिंस इंटरनेशनल स्कूल झुंझुनूं में 'दूरसंचार एवं प्रसारण सेवाओं में शुल्क एवं बिलिंग' विषय पर उपभोक्ता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों एवं आमजन को दूरसंचार एवं प्रसारण सेवाओं से संबंधित उपभोक्ता अधिकारों, शुल्क में पारदर्शिता, बिलिंग प्रक्रिया, डिजिटल सुरक्षा तथा शिकायत निवारण के प्रति जागरूक करना रहा।

कार्यक्रम में भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नरेंद्र पूनिया मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने विद्यार्थियों को अपने अधिकारों के प्रति सजग रहने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि अपने अधिकारों के प्रति जागरूक उपभोक्ता ही किसी भी प्रकार की अनियमितता या धोखाधड़ी से स्वयं को सुरक्षित रख सकता है।

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता एवं कंज्यूमर कंफेडरेशन ऑफ इंडिया के प्रदेश सचिव श्रेयांस बैद ने विद्यार्थियों को उपभोक्ता अधिकारों एवं संबंधित कानूनी प्रावधानों की जानकारी देते हुए कहा कि किसी भी दूरसंचार या प्रसारण सेवा का उपयोग करने से पूर्व उसके शुल्क, नियम एवं शर्तों को अच्छी तरह समझना आवश्यक है। उन्होंने डिजिटल सेवाओं के बढ़ते उपयोग के बीच साइबर सुरक्षा एवं व्यक्तिगत जानकारी की सुरक्षा के प्रति भी सजग रहने का आह्वान किया।

उन्होंने विद्यार्थियों को दूरसंचार सेवाओं में टैरिफ एवं बिलिंग की प्रक्रिया, शुल्क में पारदर्शिता, उपभोक्ता अधिकार, डिजिटल सुरक्षा तथा शिकायतों के समाधान की प्रक्रिया के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

इस अवसर पर बीएसएनएल के वरिष्ठ अधिकारी अभिषेक ने विभिन्न दूरसंचार सेवाओं के विभिन्न आयामों एवं तकनीकी पहलुओं की जानकारी विद्यार्थियों के साथ साझा की तथा सेवाओं का सुरक्षित एवं विवेकपूर्ण उपयोग करने के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी दी। कार्यक्रम में जीवनधारा संस्थान की अध्यक्ष जानवी जोशी, संस्थापक महावीर उपाध्याय, कार्यक्रम समन्वयक काम्या जोशी एवं मीडिया प्रमुख तनु उपाध्याय सहित अन्य गणमान्यजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम के समापन पर स्कूल निदेशक निर्मल कालेर ने अतिथियों, वक्ताओं एवं आयोजकों का आभार व्यक्त किया।

# दीक्षार्थी बाबुलालजी बाफना का दक्षिण मुंबई में हुआ अभिनंदन

**मुंबई (खबर आस पास)।** आचार्य महाप्रज्ञ पब्लिक स्कूल में 31 अगस्त 2026 को आचार्य महाप्रज्ञ विद्यानिधि फाउंडेशन एवं श्री जैन श्वेतांबर तेरापंथी सभा, तेयुप,महिला मंडल दक्षिण मुंबई के संयुक्त तत्वावधान में दीक्षार्थी बाबुलालजी बाफना का अभिनंदन समारोह आयोजित हुआ। कार्यक्रम शासनश्री साध्वीश्री कंचनप्रभाजी, शासनश्री साध्वीश्री मंजुरेखाजी एवं सहवर्ती साध्वीवृंद के पावन सान्निध्य में संपन्न हुआ।




तेरापंथ महिला मंडल, दक्षिण मुंबई द्वारा सुंदर गीत की प्रस्तुति के माध्यम से दीक्षार्थी बाबुलालजी बाफना को मंगलभावनाएं एवं शुभकामनाएं प्रेषित की गईं। महिला मंडल अध्यक्षा लतिका डागलिया एवं सभा अध्यक्ष देवेंद्र डागलिया ने समस्त तेरापंथ समाज, दक्षिण मुंबई की ओर से दीक्षार्थी बाबुलालजी बाफना को उनकी संयम यात्रा के लिए मंगलकामनाएं प्रेषित कीं।

शासनश्री साध्वीश्री कंचनप्रभाजी ने अपने संबोधन में कहा कि दीक्षार्थी बाबुलालजी बाफना अपने बाफना परिवार का गौरव बढ़ा रहे हैं। जीवन के इस पड़ाव पर संसार का त्याग कर संयम के मार्ग को स्वीकार करना अत्यंत वीरता और साहस का कार्य है। उन्होंने कहा कि दीक्षार्थी की पत्नी प्रेमलता ने जिस साहस एवं प्रसन्नता के साथ उन्हें संयम पथ पर विदा किया, वह अत्यंत प्रशंसनीय एवं खुशी की बात है। उपलब्ध सुख-सुविधाओं का त्याग कर संयम स्वीकार करने का उनका संकल्प जैन शासन की प्रभावना का प्रेरणादायी उदाहरण है।

साध्वीवृंद ने भी सुंदर गीत के माध्यम से दीक्षार्थी बाबुलालजी बाफना को मंगलकामनाएं दीं। शासनश्री साध्वीश्री मंजुरेखाजी ने कहा कि आपकी संयम यात्रा प्रवर्धमान रहे तथा आप जैन शासन की खूब प्रभावना करें। उन्होंने कहा कि अप्रमत्त जीवन जीते हुए विनय एवं सद्व्यवहार को अपने जीवन में प्रमुखता प्रदान करें।

समारोह में आचार्य महाप्रज्ञ विद्यानिधि फाउंडेशन के अध्यक्ष कुंदनमल धाकड़, सभा मीडिया प्रभारी नितेश धाकड़, तेयुप सहमंत्री दीपक कच्छारा, उत्सव धाकड़, फाउंडेशन से सुखलाल सियाल सहित अनेक गणमान्य कार्यकर्ता एवं श्रावक-श्राविकाएं उपस्थित रहे कार्यक्रम का कुशल संचालन सभा उपाध्यक्ष दिनेश धाकड़ ने किया। समारोह में उपस्थित सभी श्रावक-श्राविकाओं ने दीक्षार्थी बाबुलालजी बाफना के संयम जीवन के लिए मंगलकामनाएं प्रेषित कीं। यह जानकारी तेयुप दक्षिण मुंबई उपाध्यक्ष दर्शन डागलिया ने दी।

# फेक बॉस बनकर ठगी कर रहे साइबर ठग, राजस्थान पुलिस ने जारी की Boss Scam' एडवाइजरी

## बॉस या वरिष्ठ अधिकारी बनकर व्हाट्सएप/ई-मेल पर भेजते हैं अर्जेंट मैसेज, खाते में पैसे ट्रांसफर कराने से लेकर संवेदनशील डेटा चुराने तक की कोशिश

**जयपुर,(खबर आस पास)।** महानिदेशक पुलिस श्री राजीव कुमार शर्मा के निर्देशानुसार राजस्थान पुलिस की साइबर क्राइम शाखा ने आमजन एवं विशेष रूप से कंपनियों में कार्यरत मैनेजर, अकाउंटेंट एवं अन्य कर्मचारियों को फेक बॉस बनकर की जाने वाली साइबर ठगी यानी 'बॉस स्कैम' से सावधान रहने की अपील की है। साइबर ठग सोशल इंजीनियरिंग तकनीक का इस्तेमाल कर कंपनी के बॉस, वरिष्ठ अधिकारी अथवा बिजनेस पार्टनर बनकर व्हाट्सएप, ई-मेल या एसएमएस के माध्यम से संपर्क करते हैं और तत्काल धनराशि ट्रांसफर करने, गिफ्ट कार्ड खरीदने, डेटा साझा करने अथवा गोपनीय जानकारी उपलब्ध कराने का दबाव बनाते हैं। अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस साइबर क्राइम श्री वीके सिंह ने बताया कि साइबर अपराधी पहले कंपनी, उसके प्रमुख अधिकारियों, ई-मेल पैटर्न, कॉन्टेक्ट्स और सोशल मीडिया से संबंधित जानकारी जुटाते हैं। इसके बाद वरिष्ठ अधिकारी की पहचान अपनाकर कर्मचारी से संपर्क किया जाता है। विश्वास पैदा करने के लिए ठग असली नाम, पद, प्रोजेक्ट और अन्य वास्तविक जानकारियों का इस्तेमाल करते हैं, जिससे कर्मचारी को मैसेज वास्तविक होने का भ्रम हो जाता है।

### कंप्यूटर में मालवेयर डालकर व्हाट्सएप तक पहुंच बनाने की कोशिश

एडीजी श्री सिंह ने बताया कि साइबर ठग कार्यालय के लैपटॉप या डेस्कटॉप पर ट्रोजन हॉर्स मालवेयर के जरिए जानकारी हासिल करने का प्रयास कर सकते हैं। यदि डेस्कटॉप व्हाट्सएप से लिंक है तो वे क्यूआर कोड को हाईजैक कर व्हाट्सएप पर अपनी फोटो लगाकर कर्मचारी को बॉस के नाम से धनराशि ट्रांसफर करने के लिए मैसेज भेज सकते हैं। इसके बाद ठग तत्काल भुगतान, गिफ्ट कार्ड खरीदने, डेटा ट्रांसफर करने या गोपनीय जानकारी उपलब्ध कराने का दबाव बनाते हैं। ठगी की रकम को म्यूल अकाउंट, क्रिप्टो अथवा नगद निकासी के माध्यम से आगे स्थानांतरित किया जा सकता है।

### इन संकेतों से पहचानें बॉस स्कैम

राजस्थान पुलिस ने ऐसे साइबर फ्रॉड की पहचान के लिए कुछ महत्वपूर्ण संकेत बताए हैं

- ई-मेल एड्रेस में अचानक या मामूली बदलाव होना।
- कार्यालय समय के बाद असामान्य तरीके से संपर्क किया जाना।
- अत्यधिक अर्जेंट अथवा गोपनीय लेनदेन करने का दबाव।
- किसी नए या अज्ञात बैंक खाते में तुरंत पैसे ट्रांसफर करने का निर्देश।
- फोन या वीडियो कॉल पर बात करने से बचना।
- भाषा और ग्रामर में असामान्य या गंभीर गलतियां होना।
- व्हाट्सएप, ई-मेल अथवा कॉल पर असामान्य वित्तीय निर्देश मिलना।

### एक कॉल से बच सकती है कंपनी की बड़ी रकम

किसी भी वित्तीय अथवा डेटा संबंधी अनुरोध की पुष्टि व्यक्तिगत रूप से या संबंधित व्यक्ति के आधिकारिक फोन नंबर पर कॉल करके जरूर करें। केवल व्हाट्सएप अथवा ई-मेल पर प्राप्त निर्देश के आधार पर कोई भुगतान न करें।

साथ ही केवल डिस्प्ले नेम देखकर भरोसा करने के बजाय पूरा ई-मेल एड्रेस और डोमेन नेम ध्यानपूर्वक जांचें। कंपनियों को उच्च-मूल्य अथवा असामान्य भुगतान के लिए मल्टीलेवल अप्रूवल सिस्टम लागू करना चाहिए और केवल स्वीकृत भुगतान प्रक्रियाओं एवं अधिकृत संचार माध्यमों का इस्तेमाल करना चाहिए।

### व्हाट्सएप और सिस्टम की सुरक्षा भी जरूरी

राजस्थान पुलिस ने कर्मचारियों को व्हाट्सएप वेब और लिंक्ड डिवाइसेज के अनावश्यक सेशन लॉगआउट करने, सिस्टम, एंटीवायरस एवं सुरक्षा सॉफ्टवेयर को अपटेडड रखने तथा व्हाट्सएप पर टू फैक्टर वेरीफिकेशन सक्रिय रखने की सलाह दी है।

### ठगी हो तो तुरंत 1930 पर करें शिकायत

राजस्थान पुलिस ने अपील की है कि यदि कोई व्यक्ति साइबर स्कैम का शिकार हो जाता है अथवा साइबर ठग इस तरह की ठगी का प्रयास करते हैं, तो इसकी सूचना तुरंत निकटतम पुलिस स्टेशन, साइबर पुलिस स्टेशन या साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल पर दें। वित्तीय साइबर फ्रॉड की स्थिति में तत्काल साइबर हेल्पलाइन 1930 पर संपर्क करें। इसके अलावा साइबर हेल्पडेस्क नंबर 9256001930 और 9257510100 पर भी सूचना दी जा सकती है।

# बेहतर कपास परियोजना के तहत कीटनाशक विक्रेताओं की बैठक हुई




**नोखा (खबर आस पास)।** अंबुजा फाउंडेशन एवं बेहतर कपास परियोजना के तहत नोखा में कीटनाशक विक्रेताओं की बैठक हुई। कार्यक्रम में स्थानीय कीटनाशक विक्रेताओं, किसान प्रतिनिधियों एवं परियोजना से जुड़े कार्मिकों ने भाग लिया। कार्यक्रम में नोखा परियोजना प्रबंधक ललित सिंह भाटी उपस्थित रहे। उन्होंने अंबुजा फाउंडेशन एवं बेहतर कपास परियोजना के उद्देश्यों, गतिविधियों एवं कार्यप्रणाली के बारे में विक्रेताओं को विस्तार से जानकारी दी। ललित सिंह भाटी ने पीपीटी के माध्यम से किसानों के लिए सुरक्षित एवं वैज्ञानिक कृषि पद्धतियों, संतुलित कीटनाशक उपयोग, बेहतर कपास उत्पादन तकनीक तथा कीटनाशकों के सुरक्षित भंडारण एवं उपयोग के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी साझा की। विक्रेताओं से अपील की गई कि वे किसानों को कीटनाशकों की सही मात्रा, उचित समय एवं सुरक्षित उपयोग के संबंध में उचित मार्गदर्शन प्रदान करें। कार्यक्रम को सफल बनाने में क्षेत्रीय कार्यकर्ता बजरंग बिश्नोई, पन्नाराम भांभू एवं पवन चौधरी ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम का मंच संचालन महावीर जालप द्वारा किया गया। इस अवसर पर उपस्थित अतिथियों ने कहा कि कपास की खेती में कीटनाशकों का प्रयोग वैज्ञानिक पद्धति, निर्धारित मात्रा एवं उचित समय पर ही किया जाना चाहिए। साथ ही किसानों को व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरणों के उपयोग के लिए प्रेरित करना आवश्यक है।

# 4 जोडी ट्रेनें इलेक्ट्रिक इंजन से होगी संचालित

**बीकानेर (खबर आस पास)।** रेलवे द्वारा 4 जोडी रेलसेवाओं को इलेक्ट्रिक इंजन से संचालित किया जा रहा है। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी श्री अमित सुदर्शन के अनुसार गाड़ी संख्या 16587/16588, यशवन्तपुर-बीकानेर-यशवन्तपुर रेलसेवा यशवन्तपुर से 4.09.26 से एवं बीकानेर से 1.09.26 से इलेक्ट्रिक इंजन से संचालित होगी। गाड़ी संख्या 22497/ 22498, श्रीगंगानगर-तिरूच्चिराप्पल्लि-श्रीगंगानगर रेलसेवा श्रीगंगानगर से 31.08.26 से एवं तिरूच्चिराप्पल्लि से 4.9.26 से इलेक्ट्रिक इंजन से संचालित होगी। गाड़ी संख्या 14805/ 14806, यशवन्तपुर-बाडमेर-यशवन्तपुर रेलसेवा यशवन्तपुर से 7.09.26 से एवं बाडमेर से 3.09.26 से इलेक्ट्रिक इंजन से संचालित होगी। गाड़ी संख्या 19667/19668, उदयपुर सिटी-मैसूरू-उदयपुर सिटी रेलसेवा उदयपुर सिटी से 31.08.26 से एवं मैसूरू से 03.09.26 से इलेक्ट्रिक इंजन से संचालित होगी।

स्वत्वाधिकारी प्रकाशक संपादक सत्येन्द्र राजवंशी के लिए शारदा ऑफसेट, मुख्य डाकघर के पास, कुचिलपुरा, गजनेर रोड, बीकानेर, राजस्थान से मुद्रित एवं वार्ड नं. 01, गोदारा बास, मोमासर, बीकानेर, राजस्थान से प्रकाशित । संपादक- सत्येन्द्र राजवंशी मो. 95875 70001